कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जन जन जागरण झाँसी (उ0 प्र0) दिनांक: 17-11-2014

■ एसडीएम ने किया नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण

वार्डों में सफाई व कूड़ेदान रखने के दिए निर्देश

चिरगांव, संवाददाता

मण्डलायुक्त के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद, चिरगांव का निरीक्षण अपर जिलाधिकारी, झांसी रमाशंकर गुप्ता द्वारा किया गया। नगर पालिका चिरगांव में पहुंचकर उपजिलाधिकारी, मोठ यूपी सिंह के साथ पहले पालिका कार्यालय का भ्रमण किया। पालिका की साफ-सफाई का निरीक्षण किया व पालिका अभिलेखों का सत्यापन किया। उसके बाद विवरण पुस्तिका का निरीक्षण कर नगर क्षेत्र का भ्रमण किया। जिसके अपर जिलाधिकारी रमाशंकर गुप्ता को भ्रमण के दौरान बिजली के खम्भे को ठीक कराने, नाली निर्माण, कूड़े के ढेरों की

■ एसडीएम ने कार्यालय निरीक्षण में अभिलेखों का किया सत्यापन

■ खराब हैंडपंपों को दी रिबोर व कुओं की मरम्मत के दिए आदेश



जगह कूड़ादान रखने के आदेश, वार्डों में जहां-जहां हैण्डपम्प खराब व रिबोर होना है उनको ठीक कराने, कुआं का जीर्णोद्धार कराने के आदेश, मैन बाजार में दुकानों के चबूतरों के नीचे की नाली साफ कराने के आदेश, मूत्रालयों की मरम्मत व जीर्णोद्धार कराने के आदेश व जहां-जहां बड़े नाले जो जेसीबी से साफ हो सकते हैं उन्हें साफ कराने के आदेश रामकिशन शर्मा को दिये गये। नगर क्षेत्र वार्ड नं. 25, 19, 16, 23, 10, 13, 7 व अन्य में जहां-जहां पक्की सड़कें टूटी हुई व गड्ढे है उनके आगणन पालिका अवर अभियंता के द्वारा तैयार कराकर बनवाने के गंभीरता से करने के आदेश दिये। अपर जिलाधिकारी द्वारा रामनगर रोड, वार्ड नं. 14 में बने पेशाब घर का निरीक्षण किया। पेशाब घर का निर्माण कराकर उसके ऊपर पानी की टंकी को रखकर उस टंकी का पानी पेशाब करने वाले स्थान पर बूंद-बूंद कर गिरना चाहिये। उसके बाद मैन रोड थाने के पास स्थित पानी की टंकी का निरीक्षण किया। पानी की टंकी को ब्लीचिंग पाउडर से साफ कराने के आदेश दिये गये। निरीक्षण के बाद अपर जिलाधिकारी, झांसी रमाशंकर गुप्ता व उपजिलाधिकारी, मोंठ यूपी सिंह पालिका कार्यालय में आकर जनता की शिकायत को सुना। इस मौके पर नगर पालिका चिरगांव के अधिशासी अधिकारी / उप जिलाधिकारी, मोंठ यूपी सिंह, रामप्रकाश भुमियां, राममिशन शर्मा, नीतेश कुमार समाधिया, महेश कुलदीप, हरीबाबू, नरेन्द्र, भानु प्रकाश, राजू दीवान, संजय सिंह, मनोज कुशवाहा, विजय कुमार, रम्मू नेता, प्रवीण समाधिया, अमित गेड़ा, उस्मान खां, रोहित गुप्ता आदि कार्यालय व पार्षद लोग मौजूद रहे।

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।